प्रतिभा
प्रतिबद्धता
विकास की

# NAVRATAN

## Foundations (Regd.) NOIDA

(An Organisation for upliftment of unseen talent)

On Sunday 12th May 2024 at 6pm

**INDIRA GANDHI KALA KENDRA**

Noida Office, B-110, Sector-6, Noida-201301

# 22nd Annual Award Ceremony

समर्पण
2024



www.navratanfoundations.com



Working for upliftment of economically weaker women

## ASTITVA 01



An informal child education centre for under priviledged children

## NAVRATAN GYANPEETH 02



Recognizing and honoring unseen talent in social/cultural/education

## SAMARPAN 03



Committed for 100% women literacy in Noida

## EDUCATED WOMEN-DEVELOPED INDIA 04



Computer Education for economically weaker section

## COMPUTER CENTRE 05



Charitable Physiotherapy Centre for Senior Citizens

## PHYSIOTHERAPY CENTRE 06

# गत वर्ष के कार्यक्रम की झलक









# अध्यक्ष की कलम से....

प्रिय सुधीजन, स्नेहीजन,

नवरत्न परिवार के अविस्मरणीय 22 वर्ष पूर्ण होने पर आप सबको हृदय से बधाई एवं शुभकामनायें तथा साथ में नवरत्न की प्रगति यात्रा में आप सबके असीम सहयोग के लिए  कोटि कोटि धन्यवाद. अगर आप न होते तो, यकीन कीजिए,नवरत्न यहाँ नहीं होता।

अपनी प्रारम्भिक शिक्षा में  हम एक दोहा पढ़ते थे

**" धीरे धीरे रे मना ,धीरे सब कुछ होय**
**माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु  आए फल होय"**

इसका मतलब तो समझते थे लेकिन जीवन की आपा धापी में और कहीं आपसी अनकही प्रतियोगिता में सब कुछ जल्दी पा लेने की होड़ में ,चाहे वो व्यापार हो या फिर घर को उच्च कोटि का रूप में सवांरने की कवायद हो, इस दोहे का मर्म भूल कर बस हर सुविधा और स्तर को पाने में लग जाते थे....
लेकिन  वह तभी मिलता  था जब उसका वक्त आता था...चिन्तन यह कि सब कुछ झोंकने के पश्चात भी, वह क्यों नहीं हासिल होता जिसके लिए हम प्रयास रत हैं या रहते हैं।

लेकिन यह समझ में तब आया, जब गहनता से समाजिक कार्य में जुड़े और सांसारिक व्यवस्थाओं से दो चार होना पड़ा। तब उपरोक्त दोहे की प्रासंगिकता और उसका वास्तविक अर्थ समझ में  आया कि. जिंदगी में निरंतर प्रयास  करते रहिये और परिणाम समय पर छोड़ दीजिये, फिर जो आनन्द की अनुभूति  होती है उसका कोई मूल्य नहीं है .. ।.आज 22 वर्ष बाद जब नवरत्न के कार्यों की और उसके विस्तृत आयामों की व्यापकता दिखाई पड़ती है तब इस दोहे की प्रासंगिकता समझ में आती है...
संघर्ष है और हर स्तर पर जारी रहेगा.. इस से घबराने की कोई जरूरत नही ..बल्कि आज मेहनत, जो काल जैसी  विकराल  दिखती  है वो कल परिणाम मिलने पर अमृत लगने लगती है...इस पर गीता के अठारहवें अध्याय के 36वें श्लोक से जो प्रेरणा मिलती है..वो आपको रुकने नही देती।

**सुखं त्विदानीम त्रिविधं श्रुणु में भरतर्षभ।  अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखांतं च निगच्छति।।**
अर्थात वह परमात्म विषयक सुख, साधनके आरम्भ काल में विष के सदृश अभासित  होता है।
परन्तु परिणाम में अमृत के तुल्य है।

स्वेच्छा एवं निस्वार्थ  भाव वाले सामाजिक कार्य यही परिणाम देते हैं और संघर्ष भी करवाते रहते हैं तभी, कहानी कोई तो आपकी लिखेगा और जिंदगी में आये हैं तो कुछ तो स्मृतियां छोडनी चाहिए...

प्रख्यात कवि संतोष आनंद के यह बोल कौन भूल सकता है
"वो जवानी भी क्या जिसकी कोई कहानी न हो.."
कहानी जिंदगी की किस विधा की हो यह आपको तय करना है

सदैव अपनी कृपा बनाए रखिये



***आप सबको सादर नमन***
**डॉ. अशोक श्रीवास्तव, अध्यक्ष**

# आशीर्वाद-मुख्य सरंक्षक



नवरत्न संस्था के 22वर्ष पूरे हो गए। अब 22वें वर्ष में प्रवेश करते समय वही उत्साह, उमंग, उल्लास नजर आता है जो, भारतीय जीवन में नवयौवन का प्रतीक माना जा सकता है। बीते सालों में दृष्टि डालते समय यह चिंतन करें कि क्या अर्जित किया है तो शायद एक शब्द में कह सकते हैं कि वह है संतोष भाव। वर्ष 2002 में शायद यह कल्पना भी नही थी कि संस्था के साथ इतने, कर्मठ, ऊर्जावान, उत्साही, उदार समाजसेवी जुड़ेंगे और यह भी कल्पनातीत था कि इतने सहयोगी और प्रतिबद्ध समाज सेवियों का सहयोग हर कदम पर मिलेगा।

हमारे लिए गौरव का विषय है कि हमारे अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव को सोक्रेटीज सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित किया गया है। विश्व विद्यालय द्वारा उनके जीवन को एक थीसिस यानी महागाथा की संज्ञा दी गई है जो हमारे लिए और समाज सेवा से जुड़े हर व्यक्ति के लिए मील के पत्थर की तरह पथ प्रदर्शक की तरह साबित होगा।

अब संस्था के कर्तव्य और दायित्व और बढ़ गए हैं। अब समाज में हमे और अधिक उत्साह से अथक मेहनत करने के लिए प्रेरणा मिली है। हम इस दायित्व को स्वीकार करते हैं और यह विश्वास दिलाते हैं कि नारी सशक्तिकरण, स्वावलंबन, आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा, नारी प्रौढ़ शिक्षा, दयारानी प्रोजेक्ट जेसे आधुनिक विचारधारा वाले क्षेत्र में और अधिक जागरूकता, उल्लास के साथ आगे बढ़ेंगे। इस तरह हम सामाजिक क्षेत्र के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में भी अपने कदम बढ़ायेंगे जो आगामी सामाजिक जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

समर्पण के माध्यम से जनसेवा के क्षेत्र में नवीन विचार, आशा, विश्वास की कोपलें फूटें, इस भाव के साथ शुभकामनाएं। अध्यक्ष डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव, अन्य कर्मठ पदाधिकारियों, सहयोगियों, सहकर्मियों एवं समस्त समाजसेवियों को मेरी हार्दिक बधाई और वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं।

भगवान आशुतोष हमारी सहायता करें।

**अरविन्द श्रीवास्तव**
मुख्य संरक्षक

# NAVRATAN FOUNDATIONS

## Working Committee

### CHIEF PATRON

**Arvind Srivastava (Former Member, Trade Tax Tribunal U.P.)**

### PATRONS

**Atul Mangal** (Chairman, Mangalmay Institute Of Management & Technologies)
**Mrs. Renu Adawal** ( Social Activist)
**Raj Kumar Srivastava** ( Former Member Tribunal)
**Atul Srivastava** ( CEO, Effective People, Mumbai)
**Jamil Ahmad (** Director General, Sunderdeep Group Of Instiutions**)**
**Anoop Jairath** (Chatered Accountant)
**Mrs. Vibha Mishra** ( Social Activist, Indore)
**P.K. Gupta** (Retd. Senior Govt. Officer)
**Dhurendra Chaturvedi** (Additional Commissioner)

### ADVISORS

**Dr. Achyut Kumar Tripathi** ( Ayurvdeacharya)
**Mukesh Nigam** (Ex-Banker)
**Chitranjan Saxena (Real Estate Consultant)**
**Ratan Kumar** (ISO Expert)
**Shekahr Dhar** (Former Corporate Executive)
**Sanjay Pandey** (Retd. Army official)
**Deepak Naidu** (Retd. Sr. Corporate Executive)

### AWARD JURY

**Commodore Ravindra Nath-**Chairman
**Mrs. Anu Srivastava,** Educationist, Mumbai- Member
**Mrs. Poonam Jain.** Social Activist & Motivator, Greater Noida-member
**Arun Vaidya,** CEO Aquarius Design, Indore- Member
**Sunil Puri,**Technocrat, Noida-Member
**Dr. Narendra Gupta,** Chest Specialist, Noida-Member

### PRESIDENT

**Dr. Ashok Srivastava:** 9818700814

**SR. VICE PRESIDENT**
R.K. Saxena: 9818391113

**GENERAL SECRETARY**
Vivek Srivastava: 9910061259

**TREASURER**
Anuranjan Srivastava: 88000220472

**FINANCIAL ADVISOR**
A.V. Murlidharan: 9811737169

**JOINT SECRETARIES**
Shubhranshu Shekhar: 9999040419
Mrs. Shalini Agrawal: 9818744773
Mrs. Anshumali Sinha: 9555105778
Mrs. Geeta Misra: 8010745679

**VICE PRESIDENT**
Mrs. Varsha Srivastava: 9711869237
Murari Prasad Srivastava: 9891369632
Hemant Sharma: 9899688981
Someshwar Sharma:9910091963

**MEDIA IN CHARGE**
Vineet Khare : 9911454347

**JOINT MEDIA IN CHARGE**
Anil Srivastava: 8800127319

**EXECUTIVE MEMBERS**
Sardar Gurjeet Singh: 9990006424
Neeraj Bhatnagar: 9891263980

**COORDINATORS**
Thakur Balbir Singh Rural-Dankaur: 9759481379 • Dr Mukesh Daksh-Dadri: 9910809636
Mrs. Sunita Shukla-Noida: 98119 61647 • Ramakant Singh-Navratan Gyanpeeth: 9650071211
Mrs. Kanchan Srivastava-Noida: 9250758492 • Raju Khan-Technical: 9971626786
Achyutanand Mishra ‘Ranu’, Ghazipur: 9717564949

# *Navratan Awards For Social Welfare-2023*

*( Social Workers / Social Organizations )*



## *List of Awardees*

1. **Sh, F.B. Nigam Memorial Award:** Chhanv Foundation, **Lucknow**
2. **Ratan-e-Hind:** Ma Vaishno Devi Sewa Samiti**, Patna**
3. **Sh. J.B. Jairath Memorial Award:** Gaurav Jan Kalyan Sansthan, Hardoi
4. **Sh. Akash Saxena Memorial Young Achievers Award:** Mr. Raghvender Singh-Helmet Man Of India
5. **DayaRani Nari Sasktikaran Purskar:** Mrs. Madhu Mittal, Jan Jagran Sansthan, **Noida**
6. **Kunwar Swaroop Bhatnagar Smriti Shiksha Purskar:** Challengers Group, **Noida**
7. **Srimati Sonia Kohli Samajik "Sahyog" Vishesh Purskar:** Mr. Somnath Raut, **Thane**
8. **Chitransh Om Prakash Kamthan Shiksha Purskar:** Master Tanish Bhadana, SDS Inter College, Village Nawada, Dankaur
9. **Shri S.N. Sud SURRENDER NOT Award:** Mr. Gaurav Shukla**, Support Of Our Heroes**
10. **Shri S.N. Sud SURRENDER NOT Award:** Master Vinayak Bahadur, **Merrut**
11. **Navratan Special Award:** Panch Aas Sewarth Samiti**, Ghaziabad**
12. **Navratan Special Award:** Dr. Archna Srivastava**, Indore**
13. **Navratan Special Award:** Mr. Santosh Singh**, Lucknow**
14. **Navratan Ke Ratna Award:** Miss Zakia Hyat**, Meerut**
15. **Navratan Ke Ratna Award:** Master Gandhrav Rajouria, Delhi

# नवरत्न फाउंडेशन्स द्वारा गत वर्ष में किये गये विशेष कार्यों का विवरण

**विवेक श्रीवास्तव, महासचिव**



गत वर्ष भी नवरत्न फाउंडेशन्स के लिए बेहद सक्रियता से भरपूर रहा। संस्था प्रतिदिन कहीं न कहीं, किसी न किसी स्थान पर सामाजिक कार्यों में संलग्न रही। सभी गतिविधियों का विवरण देना यहां संभव नही है लेकिन 14 मई 2023 को संपन्न हुए वार्षिकोत्सव 'समर्पण–2023' के पश्चात नवरत्न फाउंडेशन्स द्वारा किये गए कुछ अहम व विशेष कार्यो का उल्लेख अवश्य करने जा रहे हैं। जो इस प्रकार हैं:

**1. अस्तित्वः** महिला सशक्तिकरण अभियान 'अस्तित्व' के तहत नवरत्न द्वारा लगातार महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उनके स्वावलंबन के प्रयास जारी हैं। अस्तित्व अभियान के तहत इस वर्ष 3 मार्च 2024 को जहाँ एक तरफ उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले गाजीपुर की तहसील मोहम्मदाबाद के गांव सिलाईच में निःशुल्क बाबा अचिंत्यनाथ महिला सिलाई प्रशिक्षण एवं महिला प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का शुभारंभ किया गया।

वहीं यूपी के पश्चिमी जनपद गौतमबुद्ध नगर के भंगेल स्थित न्यू ग्रीन्स लांस पब्लिक स्कूल मेंश्रीमती निर्मला देवी महिला सिलाई केंद्र प्रारंभ किया, साथ में ही उद्योग कुंज, गाजियाबाद जिला में नीव शक्ति संस्था के संग अमीरात टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के सी एस आर के तहत नवरत्न महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्रारम्भ किये गये। बताते चलें 9 जुलाई 2009 नोएडा सेक्टर 17 में शुरू हुआ यह नवरत्न का अभियान अस्तित्व के अंतर्गत अब तक 37 महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर 10 हजार से अधिक महिलाओं को दक्ष बनाते हुए महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो चुका है।

इसमें यह भी वर्णन करना आवश्यक है की नवरत्न ने विलेज केयर फाउंडेशन के सयुंक्त प्रयास से नोएडा बाल संप्रेक्षण केंद्र में रह रहे बालकों के लिये सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं संगीत की कक्षाएं प्रारम्भ की गयी. जिससे हुनर मंद बनाने के साथ जीवन में खुशीयाँ भर सकें...

**2.** बाल शिक्षा विकास के लिए नोएडा के जुग्गी झोपड़ी स्लम इलाके में नवरत्न ज्ञानपीठ की स्थापना कर नवरत्न फाउंडेशन्स ने गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था, अब ज्ञानपीठ एक नये कलेवर में सज गया है. नये भवन जैसा अहसास बच्चों के मनोबल को ऊँचा कर रहा है. प्रसन्नता की बात यह है ज्ञानपीठ से निकले अधिकांश बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सीधे प्रवेश पा रहे हैं।

**3.** अब जीवन बिना कंप्यूटर एवं डिजिटल ज्ञान के बिना अधुरा है, इसके लिए नवरत्न के कंप्यूटर शिक्षा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उपलब्ध कराने के लिए जिला गौतमबुद्ध नगर के स्लम एवं ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश  विद्यालयों प्रयासरत है, इसी कड़ी में में 24 जुलाई को नोएडा सेक्टर 101 के गाँव सलारपुर स्थित न्यू ग्रीन्स लान्स पब्लिक स्कूल में नौवें डॉ. ए.बी एल श्रीवास्तव कम्प्यूटर सेंटर का उद्घाटन कर संस्था ने बच्चों की कम्प्यूटरीकृत शिक्षा की राह आसान बनाई। गत तीन वर्षों में करीब 1000 से  उपर बच्चों ने बेसिक कोर्स पूरा कर लिया है और अधिकांश विद्यार्थी एडवांस कोर्स के लिए आगे आ रहे हैं.

**4.** सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से. अनदेखी प्रतिभा विकास की प्रतिबद्धता के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय नवरत्न फाउंडेशन्स समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को विभिन्न विधाओं में तलाश कर, तराश कर यथोचित मंच प्रदान करती आ रही है। इसी क्रम में 16 जुलाई से **नोएडा हाट–आई टी ई ग्रुप** के सहयोग से **जो आये वो गाये सीजन 3** की शुरुआत सेक्टर 33 स्थित नोएडा हॉट से हुई। इस श्रंखलाबद्ध कार्यक्रम में अब तक 10 एपिसोड के बाद 280 गायन प्रतिभाओं को मौका प्रदान किया और अनेक बेहतरीन गायकों की खोज हुई। गत 7 वर्षों में जो आये वो गाये के निरंतर चल रहे तीन सीजन में अभी तक करीब 1000 अनदेखे, उभरते और वंचित गायकों को इस बेहतरीन मंच से गायन का अवसर प्राप्त हुआ. 5 साल से लेकर 92 वर्ष तक के गायक इसका लाभ उठा चुके हैं. अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में  30 जुलाई को सेक्टर 12 स्थित ईशान म्यूजिकल कालेज में संगीत कार्यक्रम **स्पर्श – एहसास जिंदगी** संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया।

नोएडा हाट–आई टी ई ग्रुप के सयुंक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आजादी के दीवानों के तराने संगीतमयी कार्यक्रम के तहत **सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 22 नृत्य विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों ने भाग लिया. सभी की प्रस्तुतियां मनमोहक रहीं.  27 अगस्त को, दर्द को सुरेलेपन की पराकाष्ठा तक ले जाने वाले महान पार्श्व गायक श्रधेय मुकेश चन्द्र माथुर की स्मृति में **शुक्रिया मुकेश संगीतमयी कार्यक्रम** का सफल आयोजन किया गया। 22 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क में महाराष्ट्र मित्र मंडल के गणेश उत्सव में छोटे उस्तादों का धमाल कार्यक्रम में नवरत्न प्रतिभाओं ने अपना जादू बिखेरा।

1 अक्टूबर को ॐ विश्रांति चौरिटेबल सोसाइटी की पहल पर नवरत्न के साथ  वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में जश्न ए तजुर्बात का सफल आयोजन **एनईए भवन** में हुआ। कार्यक्रम में अति वरिष्ठ नागरिकों का भावपूर्ण सम्मान भी किया गया।  5 अक्टूबर 2023, 20 नवम्बर 2023,  27 फरवरी 2024, 4 अप्रैल2024  को **''रुक जाना नही''** श्रंखला के  गीत संगीत कार्यक्रम **श्री कृष्ण मोहन** के संग आयोजित किये गये। 13 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की स्मृति **'किशोर दा तुसी ग्रेट हो'** में गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 21 अक्टूबर को सेक्टर 34 में **हिमगिरी वेलफेयर एसोसिएशन** के साथ मिलकर  **डांडिया नाइट** का आयोजन कर प्रतिभाओं

का उत्साहवर्धन किया गया। 25 दिसम्बर 2023 को **नोएडा अथॉरिटी एक्स ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन** एवं **रफी मेमोरियल सोसाइटी** व् **नवरत्न** के सयुंक्त तत्वावधान में **इंदिरा गाँधी कला केंद्र** में अमर पार्श्व गायक **मोहम्मद रफी जी** के जन्मदिवस पर 31वीं संगीत संध्या का भव्य आयोजन हुआ। 25 फरवरी 2024 को **नोएडा हॉट** में नवरत्न ने प्रथम बार प्रयास किसी भजन संध्या का आयोजन किया जो अत्यंत सफल रहा. वर्तमान में **श्री पंकज माथुर जी** के संस्था **डी.एम.एस. आरोही** के द्वारा चलाये जा रहे तीसरे सीजन के भव्य कार्यक्रम **'वोइस ऑफ दिल्ली एन सी आर'** के आयोजन में नवरत्न अपनी महती भूमिका निभा रहा है।

**5.** स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इस वर्ष नवरत्न संस्था ने विशेष प्रयास किये हैं। इसमें मुख्यतः **हील्स फाउंडेशन** के सक्रिय सहयोग में नवरत्न ने गौतमबुद्ध नगर जनपद के स्लम व ग्रामीण इलाकों में **10 हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य शिविर** लगाकर सेहत की नेमत बांटी। इस कार्यक्रम में 1120 से अधिक लोगों के पूरे शरीर की मुफ्त जांच की गई, इन स्वास्थ्य शिविरों को आयोजित करने में **दिव्य तरंग संस्था** का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

**6.** इसके अलावा **नवरत्न फाउंडेशन्स** ने पूरे वर्ष सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम से आम जनमानस में जनजागृति फैलाने का कार्य किया है। 31 जुलाई को इंदिरापुरम स्थित **जयपुरिया स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम** कर पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक किया।

**7.** सिंगल प्लास्टिक प्रयोग के दुष्प्रभाव से पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक टी स्टाल से प्लास्टिक कप मुक्ति अभियान के तहत **दिल्ली के त्यागराजा स्टेडियम** के निकट स्थित **प्रताप टी स्टाल को 150 कांच के ग्लास प्रदत्त कर टी स्टाल संचालक प्रताप यादव को प्रोत्साहित कर इस अभियान को शनैः शनैः आगे बढाया जा रहा है।** उम्मीद है की आगामी वर्ष कें नोएडा के अनेक टी–स्टाल सिंगल यूज प्लास्टिक से अवश्य मुक्त हो जायेंगे।

**8.** नवरत्न ने संसदीय चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर के तहत गौतमबुद्ध नगर जनपद के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गय. इसके साथ **108 सक्रिय सामाजिक संस्थाओं के समूह एक्टिव एन जी ओ ग्रुप** के अनेक सदस्यों को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**9. जो आये वो गाये** से गायन के क्षेत्र में पदार्पण कर **इंडियन आइडियल** के टॉप 10 में स्थान बनाने वाली **प्रसिद्ध गायिका मुस्कान श्रीवास्तव** का 20 फरवरी 2024 को **नोएडा हाट** में एक बृहद सार्वजनिक अभिन्दन किया गया जिसमे गौतम बुद्ध नगर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए और मुस्कान को इस अवसर पर स्वर कोकिला लिटिल लता की उपाधि से भी अलंकृत किया गया।

**10. एनईए भवन** के प्रांगण में एनईए के सयुंक्त तत्वावधान में **5 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल भेंट** कर दिव्यांगजनो के सपनों को उड़ान दी गयी।

**11. पेट्रोनेट शीत कवचः** गत 20 वर्षो से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कडकडाती सर्दी से बचाव हेतु एवं विद्यालय में जाने में कोई परेशानी न हो नवरत्न प्रत्येक वर्ष सैकड़ो बच्चों को गर्म यूनिफार्म स्वेटर का वितरण करता आ रहा है इस वर्ष पेट्रोनेट एल एन जी लिमिटेड के सी एस आर के तहत करीब 2500 बच्चों को 5500 स्वेटर का वितरण करीब 22 एन जी ओ के विद्यालयों में किया गया. अब तक अनुमानितः 35,000 स्वेटर्स का वितरण किया जा चुका है।

इत्यादि....

इसके अलावा **नवरत्न फाउंडेशन्स** ने इस वर्ष कई प्रेरणादायी कार्यो से मानवीयता का प्रदीप्त दीप प्रज्ज्वलित किया है। सामाजिक उत्थान में विशेष योगदान दे रही संस्था नवरत्न को तमाम समाजसेवी संस्थाओं, समूहों एवं संगठनों ने विशेष सम्मान से विभूषित कर सामाजिक विकास की प्रतिबद्धता एवं समर्पण को सराहा है।

## कम्प्यूटर शिक्षण कार्यक्रम की झलक






# श्री एफ बी निगम मेमोरियल एवार्ड–2024
## छाँव फाउंडेशन, लखनऊ



11 वर्षों से लगातार एसिड अटैक सर्वाइवर्स के जीवन को सामान्य बनाने का प्रयास कर रही छांव फाउंडेशन की स्नेहशील छाया तले अब तक सैकडों एसिड अटैक पीड़ितों का जीवन बदला है। 2013 से सक्रिय छाया फाउंडेशन ने इन सर्वाइवर्स के जीवन की दशा व दिशा बदलने के लिए अभिनव प्रयास करते हुए  जहां एक तरफ शेरोज हैंगआउट कैफे, पुनर्वास को पहले जैसा सम्भव बनाने के प्रयास किये वहीं दूसरी तरफ महत्वपूर्ण कानूनी सुधारों, नीतिगत विचारों एवं अनुपातिक प्रतिनिधित्व के गठन का नेतृत्व करते हुए इनके जीवन को गति दी। एसिड अटैक पीड़ितों की सहायता, सेवा, स्वास्थ्य के साथ साथ संस्था सर्वाइवर्स की सामाजिक सुरक्षा, मनोवैज्ञानिक सहायता, व्यवसायिक प्रशिक्षण, रोजगार की संभावनाओं और वित्तीय स्थिरता तक समान पहुंच प्रदान करने सम्बंधी प्रयास भी करती है। छांव फाउंडेशन के एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों एवं सामाजिक विकास हेतु प्रेरणादायी कार्यो को राष्ट्रीय ही नही अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने प्रमुखता के साथ सराहा है। संस्था अपने इस प्रशंसनीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सम्मानों एवं पुरस्कारों से विभूषित भी हो चुकी है।





**छांव फाउंडेशन द्वारा एसिड अटैक सर्वाइवर्स एवं सामाजिक विकास के अनुकरणीय प्रयासों को देखते हुए छांव फाउंडेशन को श्री एफ0 बी0 निगम मेमोरियल पुरस्कार के साथ 21,000/– रूपये की नकद राशि से सम्मानित करते हुए हम स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# रत्न-ए-हिन्द पुरस्कार-2024
## माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना



"रक्तदान महादान, रक्तदान से बचायें जान" सोंच से प्रेरित माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के मुकेश हिसारिया सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए समाज के लिए उदाहरण साबित हुए हैं। सैकडों अनाथ बच्चियों का विवाह करवाने, क्षुधा तृप्ति सेवा, थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों की सेवा एवं कोरोनाकाल में अंतिम संस्कार करवाने के लिए देश के सम्मानित जनों से सराहे गए श्री हिसारिया अब तक देश भर में 60 हजार से ज्यादा लोगो के लिए निःशुल्क ब्लड की व्यवस्था में सहभागी बन चुके हैं।

वैसे तो श्री हिसारिया के रक्तदान सेवा सफर की शुरुआत 1987 में हो चुकी थी, लेकिन बेल्लारी के एक अस्पताल में माँ के इलाज के दौरान एक बच्ची को रक्ताभाव में तड़पता देख इनकी आत्मा अंदर से झकझोर गयी और जरूरतमंदों को रक्तापूर्ति के इनके जज्बे ने गति पकड़ ली। तड़पती, ठिठकती जिंदगियों को रक्ताभाव से बचाने अकेले ही चले थे श्री हिसारिया, उनके इस नेक कार्य मे लोग मिलते गए और कारवां बनता गया। हालांकि उनके इस कार्य मे रूढ़िवादिता एवं पिछड़ेपन की वजह से अड़चने भी आयी लेकिन जनजागरूकता कर इन्होंने अपने रक्तदान अभियान को निर्विध्न जारी रखा। बहुत सी जगहों में आज भी यह दिक्कतें आ रही हैं और श्री हिसारिया लोगो को जागरूक कर रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इनके इस नेक कार्य के विस्तार में सोशल मीडिया का विशेष योगदान है। ऑरकुट से लेकर फेसबुक तक इन्होंने न सिर्फ नेक बंदों का नेटवर्क बढ़ाया बल्कि नेक विचारों को यूजर्स तक पहुंचा कर सामाजिक विकास के विशेष प्रयास किये।





# रत्न-ए-हिन्द पुरस्कार-2024
## माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना



वैसे तो श्री हिसारिया के रक्तदान सेवा सफर की शुरुआत 1987 में हो चुकी थी, लेकिन बेल्लारी के एक अस्पताल में माँ के इलाज के दौरान एक बच्ची को रक्ताभाव में तड़पता देख इनकी आत्मा अंदर से झकझोर गयी और जरूरतमंदों को रक्तापूर्ति के इनके जज्बे ने गति पकड़ ली। तड़पती, ठिठकती जिंदगियों को रक्ताभाव से बचाने अकेले ही चले थे श्री हिसारिया, उनके इस नेक कार्य मे लोग मिलते गए और कारवां बनता गया। हालांकि उनके इस कार्य मे रूढ़िवादिता एवं पिछड़ेपन की वजह से अड़चने भी आयी लेकिन जनजागरूकता कर इन्होंने अपने रक्तदान अभियान को निर्विध्न जारी रखा। बहुत सी जगहों में आज भी यह दिक्कतें आ रही हैं और श्री हिसारिया लोगो को जागरूक कर रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इनके इस नेक कार्य के विस्तार में सोशल मीडिया का विशेष योगदान है।

ऑरकुट से लेकर फेसबुक तक इन्होंने न सिर्फ नेक बंदों का नेटवर्क बढ़ाया बल्कि नेक विचारों को यूजर्स तक पहुंचा कर सामाजिक विकास के विशेष प्रयास किये।
2013 में ज्ञठ८ कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने बड़े अचरज से कहा कि मैं आश्चर्य चकित हूँ कि श्री हिसारिया जी की एक आवाज पर ऐसे भी कोई ब्लड देने आ जाता है। वहीं अभिनेता शाहरुख खान के फिल्म फैन प्रमोशन में 2016 में पूरे भारत से 10 लोग स्टेज पहुंचे, जिसमें श्री हिसारिया भी थे। श्री हिसारिया ने अभिनेता शाहरुख खान से रक्तदाता जागरूकता का मैसेज भी दिलवाया। इसके अलावा श्री हिसारिया ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संवाद स्थापित कर बिहार राज्य में रक्तदान सरल, सुलभ बनाने एवं सरकार को सहयोगी बनाने सम्बंधी सुझाव भी दिए। श्री हिसारिया के नेक सुझावों पर अमल करते हुए बिहार सरकार कार्य भी कर रही है।

**माँ ब्लड बैंक सेंटर के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए ठिठकती, छिटकती जिंदगियों को बचा रहे श्री मुकेश हिसारिया के राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक उत्थान में अहम योगदान को देखते हुए इन्हें रत्न–ए–हिन्द पुरस्कार के साथ नकद राशि रू. 20000/– से पुरस्कृत कर हमें सुखद अनुभूति हो रही है।**

# श्री जे.बी. जयरथ स्मारक पुरस्कार-2024
## गौरव जनकल्याण संस्थान, हरदोई



सेवा समर्पण के साथ सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हरदोई की संस्था गौरव जनकल्याण संस्थान अपने अभियानों से जहां एक तरफ वंचित वर्ग को लाभान्वित कर रही है वहीं दूसरी तरफ सामान्य वर्ग को जागरूक कर सामाजिक उत्थान में विशेष प्रयास कर रही है।

राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित अमेरिका रिटर्न इंजीनियर गौरव श्रीवास्तव ने अपनी माटी (जिला हरदोई) में विकास में बाधक बनी कुरीतियों, पाखण्डता, अन्याय, अत्याचार का जमकर विरोध करते हुए जिले बुद्धिजीवी वर्ग एवं चिंतकों के साथ मिलकर 2015 में संस्थान की आधारशिला रखी थी। उनके इस सद्कार्य में उनके पिता श्रधेय गिरीश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट का सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन भी सम्मिलित था। समाज सेवा के इस पथ पर ''अकेला ही चला था जानिब ए मंजर, लोग मिलते गए कारवां बढ़ता गया'' की तर्ज पर संस्थान लगभग 9 वर्षों में हरदोई ही नही आसपास के जिलों में पुष्पित होकर अपने प्रेरणादायी कार्यो से सुगंध फैला रही है।

संस्थान जहां एक तरफ स्वास्थ्य शिविर लगवाकर क्षेत्रवासियों में निःशुल्क सेहत की नेमत बांट रही है वहीं शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित बनाने एवं प्रतिभा विकास कार्यक्रम कर रही है। संस्थान अनाथालयों, सेवालयों, वृद्धाश्रमों, गोशालाओं में सेवाकार्यो के साथ साथ धार्मिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



इसके अलावा सर्दियों में शीत कवच के तहत गर्म कपड़ो का वितरण, सर्दी से राहत प्यारी चाय, वृक्षारोपण कार्यक्रम, गर्मियों में गर्मी में शीतल जल पिलाना है, गर्मी को दूर भगाना है आदि संस्थान के लोकहिताय कार्यक्रम प्रमुख हैं।

**सामाजिक उत्थान में गौरव जनकल्याण संस्थान के योगदान को देखते हुए श्री जे.बी. जयरथ मेमोरियल एवार्ड एवं 11,000/- रूपये नकद राशि से सम्मानित करते हुए हमें खुशी की अनुभूति हो रही है।**

# श्री आकाश सक्सेना मेमोरियल यंग एचीवर्स एवार्ड-2024
## राघवेन्द्र सिंह-हेलमेट मैन ऑफ इंडिया, ग्रेटर नोएडा



सड़क सुरक्षा अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले बिहार के तैमूर जिले के राघवेंद्र सिंह बीते एक दशक में देश भर में 60 हजार से अधिक हेलमेट बांट कर विश्व रिकार्ड बना चुके हैं।

2014 तक सामान्य जिंदगी जी रहे कानून में स्नातक डिग्री प्राप्त राघवेंद्र सिंह ने अपने प्रिय मित्र को जब सड़क दुर्घटना में खो दिया तो वह सड़क सुरक्षा के प्रति बेहद गम्भीर हो गए। उन्होंने 2014 में संकल्पित होकर सड़क सुरक्षा की मुहिम छेड़ दी। सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी इस प्रतिबद्धता को देखते हुए भारत सरकार के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रसिद्ध अभिनेता सोनू सूद भी इनकी सराहना कर चुके हैं। हेलमेटमैन ऑफ इंडिया की उपाधि से देश भर में प्रसिद्ध श्री राघवेंद्र को जागरूकता बढ़ाने के लिए एशियाई उत्कृष्टता पुरस्कार, सामाजिक सेवा के लिए मिसाइल मैन पुरस्कार से विभूषित किया जा चुका है। इन्होंने अपने मिशन को 22 राज्यों में पहुंचाकर 35 से अधिक लोगो का जीवन भी बचाया है। सोनी टी.वी के प्रसिद रियलिटी शो इंडियन आइडियल में भी आपको विशेष आमन्त्रण मिला और अपनी बात को मजबूती से रखा।

**सड़क सुरक्षा के इन अद्भुत, अनुकरणीय व अतुलनीय प्रयासों को देखते हुए हेलमेटमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध श्री राघवेंद्र कुमार को हम श्री आकाश सक्सेना मेमोरियल यंग एचीवर्स एवार्ड एवं 11,000/- रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

## अस्तित्व की झलक





# दयारानी नारी सशक्तिकरण पुरस्कार-2024
## सुश्री मधु मित्तल, जन जागरण संगठन, नोएडा



जन जागरण संगठन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरणादायी प्रयास कर रहीं संस्था अध्यक्ष श्रीमती मधु मित्तल नोएडा को प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त बनाने में अतुलनीय योगदान दे रही हैं। अल्प आय वर्ग बच्चों की शैक्षणिक सहायता में प्रतिबद्ध कम्युनिटी सेंटर स्कूल सेक्टर 50 में शिक्षिका के रूप में सेवारत श्रीमती मित्तल बीते एक दशक से अपने सामाजिक व शैक्षिक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

मांगलिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में होने वाले सामूहिक भोजों में प्रयुक्त होने वाले प्लास्टिक बर्तनों से फैलने वाले प्रदूषण से आहत श्रीमती मित्तल ने सिंगल यूज क्रॉकरी, कटलरी से पर्यावरण संरक्षण हेतु 2016 में ''निःशुल्क बर्तन भंडार सेवा'' की शुरुआत की। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए जहां एक तरफ निःशुल्क योगा कक्षाएं संचालित कर उन्हें सेहत की नेमत प्रदत्त की वहीं दूसरी तरफ श्रीमती मित्तल ने बच्चों को पौष्टिक अल्पाहार उपलब्ध करवाकर खान – पान के प्रति भी जागरूक किया। थैला बैंक शुरुआत कर पर्यावरण सरंक्षण एवं आत्मनिर्भर नारी की दिशा में कार्य किया।





**पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास एवं नारी उत्थान में विशेष योगदान दे रही जन जागरण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मधु मित्तल के विशेष प्रयासों को देखते हुए हम इन्हें दयारानी नारी सशक्तिकरण पुरस्कार एवं 11,000/– रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार–2024
## चैलेंजेर्स ग्रुप ट्रस्ट, नोएडा



शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित एनसीआर के अलावा मध्य प्रदेश एवं बिहार में सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ विशेष प्रयास कर रहे नोएडा के चौलेंजर्स ग्रुप ने 5 निःशुल्क पाठशालाएँ संचालित कर 300 से अधिक बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश दिलाया है, आज वह बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। वंचित समुदायों के बीच डिजिटल खाई को पाटने के लिए आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित संस्था की अभिनव पहल ''पाठशाला ऑन व्हील्स'' के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर लोगो के लिए गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा सुलभ कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल 2017 को सुकमा में बहादुर सैनिकों के बाद सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से युवा उत्साही प्रिंस शर्मा ने सामाजिक विकास के संकल्प के साथ इस संस्था चौलेंजर्स ग्रुप का सृजन किया था। लगातार सामाजिक विकास के प्रयासों के साथ महामारी कोविड–19 के विषम दौर में हजारों जरूरतमंदों के लिए किए गए संस्था के अनुकरणीय प्रयास सराहनीय हैं।






CHALLENGERS GROUP'S HISTORICAL MOMENT

**शिक्षा एवं सेवा के प्रति निस्वार्थ भाव से समर्पित चौलेंजर्स ग्रुप नोएडा की प्रतिबद्धता को देखते हुए इन्हें कुंवर स्वरूप भटनागर स्मृति शिक्षा पुरस्कार एवं 11,000/– रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# श्रीमती सोनिया कोहली सामाजिक विशेष सहयोग पुरस्कार-2024
## श्री सोम नाथ राउत, जिला ठाणे, महाराष्ट्र



ठाणे जिले के ग्रामीणांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों में व्याप्त अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, कुरीतियां, नशाखोरी, घरेलू हिंसा आदि से निपटने के लिए 2009 में बने युवा संस्कार बहुउद्देश्यीय संगठन दहीवली ने विभिन्न प्रकल्पों के सहारे ग्रामीणों एवं आदिवासियों की दशा एवं दिशा बदलने का संकल्प लिया। श्री सोम नाथ राउत की अगुवाई में समाज कल्याण के लिए सृजित यह संगठन शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर केंद्रित है।

संगठन ने आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए 6 प्रकल्पों पर काम कर रहा है। इन प्रकल्पों मे वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए, जरूरतमंद योग्य बच्चों को शिक्षण सामग्री, आदिवासी विधवाओं एवं निराश्रित महिलाओं को अनाज प्रदान करने के साथ ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एवं लैंगिंक समानता को बढ़ावा देने के लिए आदि पर काम किया जाता है।



**आदिवासियों एवं ग्रामीणों को शिक्षित कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे युवा संस्कार बहुउद्देश्यीय संगठन दहीवली के अनुकरणीय प्रयासों को देखते हुए संस्था प्रमुख श्री सोम नाथ राउत को स्मृति सोनिया कोहली सामाजिक सहयोग विशेष पुरस्कार एवं 11,000/— रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# चित्रांश ओम प्रकाश कामठान शिक्षा पुरस्कार–2024

## मास्टर तनिश भड़ाना, एस.डी.एस इंटर कालेज, नवादा, दनकौर



**मास्टर तनिश भड़ाना, एस.डी.एस इंटर कालेज, नवादा, दनकौर** के छात्र ने जिला गौतम बुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश बोर्ड की 10वीं कक्षा की वर्ष 2024 की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए **चित्रांश ओम प्रकाश कामठान शिक्षा पुरस्कार–2024 के संग नकद राशि 11000/– रूपये स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।**



सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं तनिश

दनकौर : दनकौर क्षेत्र के मुस्तुपुर गांव के तनिश भड़ाना व उनके स्वजन की खुशी तब अधिक बढ़ गई जब पता चला कि तनिश भड़ाना ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 600 में से 575 अंक (95.83 प्रतिशत) लाकर जिले में प्रथम स्थान पाया है। वह क्षेत्र के नवादा गांव स्थित एसडीएस इंटर कालेज का छात्र है। तनिश बताते हैं कि उनके पिता किसान हैं। वह दो भाइयों में बड़े हैं व एक बहन भी है। उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में स्कूल के अलावा करीब चार घंटे की पढ़ाई करते थे, जबकि परीक्षा से एक माह से ही आठ घंटे तक पढ़ाई शुरू कर दी थी। दिन की अपेक्षा रात में अधिक पढ़ाई की गई। तनिश ने बताया कि परीक्षा देने के बाद उन्हें यह अहसास हो गया था कि परीक्षा परिणाम काफी अच्छा आएगा, पर यह नहीं सोचा था कि जिले में प्रथम स्थान मिलेगा। शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने पर अध्यापकों ने प्रथम स्थान पाने की जानकारी दी तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनका कहना है कि पढ़ाई में पूरे परिवार का अच्छा सपोर्ट रहा है। विज्ञान विषय में सबसे ज्यादा रुचि है। आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी करेंगे। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करनी है।

छात्र तनिश

# श्री एस.एन. सूद सरेंडर नॉट एवार्ड
## श्री गौरव शुक्ला



सर्दी, गर्मी, बरसात हर मौसम में देशवासियों की सुरक्षा के लिए सरहद पर सीना तान कर खड़े रहने वाले सुपर हीरोज की सेवा एवं समर्थन के लिए सृजित ''सपोर्ट ओवर हीरोज'' संस्था भारतीय सैनिकों की देखभाल बखूबी कर रही है। संस्था अब तक 300 से अधिक सैनिकों की सहायता कर चुकी है।

संस्था के प्रणेता गौरव शुक्ला का पालन पोषण सेना के अनुशासित वातावरण में हुआ था। 2016 जंतर मंतर दिल्ली पर वन रैंक – वन पेंशन के एक कार्यक्रम के दौरान श्री गौरव की आकस्मिक मुलाकात सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों, युद्ध विकलांग सैनिको और सैनिक विधवाओं से हुई। अपने पिता की आर्थिक तंगी देख चुके श्री गौरव को उनके प्रति सहानुभूति हुई। सैन्य परिवारों की वेदनाओं से व्यथित श्री गौरव उन परिवारों के सेवार्थ अपने भाई व तीनों सेनाओं के चार अधिकारियों के साथ मिलकर 2017 में सपोर्ट अवर हीरोज नामक संस्था का सृजन कर सैनिक व सेना के परिवारों की सेवा के रूप में निकल पड़े देश सेवा के पथ पर। एक राज्य के दो लाभार्थियों से शुरू हुई संस्था SOH की सेवा यात्रा आज 17 राज्यो में पहुंच चुकी है।





**देश के लिए लड़ने वालों की सेवा कर रही संस्था ''सपोर्ट अवर हीरोज'' के प्रेरणादायी प्रयास को देखत हुए श्री गौरव शुक्ला को नवरत्न सरेंडर नॉट एवार्ड एवं 11,000/– रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# श्री एस.एन. सूद सरेंडर नॉट एवार्ड

## श्री विनायक बहादुर



"इच्छाशक्ति में निहित है अनंत ऊर्जा का सागर" इन पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए अनेक विद्याओं में पारंगत एवं एक होनहार प्रतिभावान राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज व बैटमिंटन खिलाड़ी विनायक बहादुर दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। विनायक बहादुर ने अपनी प्रबल इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम व साहस से सफलता की नई इबारत लिखते हुए दिव्यांगजनो को सन्देश दिया कि दिव्यांगजनो में उच्च श्रेणी की योग्यता होती है और इस योग्यता के बल पर सामान्य व्यक्ति से भी कहीं अधिक प्रगति कर सकते हैं, उत्तम जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

18 वर्षीय विनायक बहादुर जन्मजात बधिर (श्रवण बाधित) तथा शत प्रतिशत बतण दिव्यांगता से ग्रसित हैं। इनके माता पिता भी बधिर दिव्यांग हैं। तथा यह अपने माता पिता की एकमात्र संतान हैं। इस असाधारण प्रतिभा ने अल्पायु में विविध विधाओं की अनेकों प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी दिव्यांगता को परास्त करते हुए विनायक ने निशानेबाजी में एवं बैटमिंटन में कई राष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक, रजत पदक, और कांस्य पदक जीत कर मिसाल पेश की है। इनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी दर्ज हो चुका है।

**विषम परिस्थितियों में अपनी मेहनत, लगन व हौसलों से दिव्यांगता को मात देते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र, समाज व राष्ट्र का मान बढ़ाने वाली असाधारण प्रतिभा विनायक बहादुर के प्रेरणादायी प्रयासों को देखते हुए हम इन्हें नवरत्न सरेंडर नॉट एवार्ड एवं 11,000/– रूपये नकद राशि से विभूषित कर स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।**

# नवरत्न स्पेशल अवार्ड-2024
## पांच आस सेवार्थ समिति, (PAAS) गाजियाबाद



कभी किसी के साथ ऐसा न हो, जब वह अपने खून के रिश्तों से ठोकर खाकर इधर उधर भटकने को मजबूर हो। रिश्तों में बेमानी होते समाज, जिन्हें उंगली पकड़कर चलना सिखाया वह साथ छोड़ दे, ऐसी दशा में सामाजिक सरोकार से जुड़ी सोंच उन असहाय बुजुर्गों का हाथ थामने को तैयार है। हम बात कर रहे हैं पंच आश सेवार्थ समिति सोसायटी की।

वरिष्ठ नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रहे गैर लाभकारी संगठन PAAS सोसायटी का उदय 19 जून 2018 में गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में हुआ था। समान विचारधारा वाले साथियों के साथ संस्था संयोजक श्री विजय बी. सिंह ने संकल्पित होकर वरिष्ठ नागरिक कल्याण की शुरुआत नगरी मलिन बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रो के जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर की। बुजुर्ग मन की वेदना पढ़ते हुए PASS सोसाइटी वरिष्ठ नागरिकों के पुनर्वास के साथ साथ उनकी सेवा, सहायता व चिकित्सीय व्यवस्था की भी व्यवस्था की। PASS समता, समानता आधारित ऐसा समाज बनाने के लिए निंरतर प्रयासरत है जिसमे वरिष्ठ नागरिक हर तरह से खुद को मूल्यवान व सुरक्षित महसूस कर सके।

**PAAS (पांच आस सेवार्थ समिति) सोसायटी के सराहनीय कार्यो को देखते हुए हम इन्हें नवरत्न स्पेशल अवार्ड से सम्मानित कर खुशी की अनुभूति कर रहे हैं।**





# नवरत्न स्पेशल एवार्ड-2024
## डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, इंदौर



''सं गच्छध्वं सं वदध्वं'' ''हम कर्मों में जीते हैं वर्षों में नहीं'' ध्येय वाक्य के साथ सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रही सावित्री देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ0 अर्चना श्रीवास्तव समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार 20 वर्षों से सक्रिय हैं। टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में प्रधानाचार्या के रूप में अपनी सेवाएं दे रही डॉक्टर अर्चना साइकोलॉजिकल एवं कैरियर काउंसलर भी हैं। समाजसेवा, शिक्षा के साथ साथ यह एक उत्कृष्ट साहित्यधर्मी भी हैं और कई सम्मानों से विभूषित भी हैं। कोरोनकाल के विषम दौर में जरूरतमंदों के लिए संकटमोचन बनी बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉ0 अर्चना श्रीवास्तव ने अब तक सैकड़ो गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाकर, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रमों में योगदान देकर, हजारों शिक्षकों को पर्यावरण प्रबंधन पर निःशुल्क प्रशिक्षण देकर, 12 हजार से अधिक निःशुल्क ऑपरेशन करवाकर सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

''चायगिरी दिल से'' अभियान से पर्यावरण, शिक्षा, पुनर्वास, महिला, बालिका काउंसिलिंग आदि विषयों पर गम्भीरता से काम कर रही हैं। पुलिस परामर्श की सक्रिय सदस्या डॉ अर्चना कॉउंसिलिंग के जरिये 200 परिवारों को विघटन से बचा चुकी हैं। इंदौर में एमपैथी सेंटर खोल कर 887 लोगो की कॉउंसिलिंग भी कर चुकी हैं।

**समाजसेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी मिसाल बनी बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉक्टर अर्चना को नवरत्न स्पेशल एवार्ड देते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।**





# नवरत्न स्पेशल एवार्ड-2024
## श्री संतोष सिंह, लखनऊ



उत्तर प्रदेश में किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत् श्री संतोष सिंह निस्वार्थ भाव से सामाजिक सरोकारों मे पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता पूर्वक संलग्न हैं। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें हुनरमंद एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत श्री सिंह किसानों को नाडेप एवं वर्मी प्रशिक्षण से छोटे किसानों को दक्ष करवा रहे हैं।

54 वर्षीय श्री संतोष सिंह प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ममता विकास समिति लखनऊ के सचिव हैं। वर्तमान में प्राकृतिक खेती की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए संस्था के माध्यम से इन्होंने ने प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता अभियान भी छेड़ रखा है। इसके अलावा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक विकास में विशेष योगदान दे रहे हैं। श्री सिंह लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली आदि जनपदों में निस्वार्थ भाव से सामाजिक सरोकारों से जुड़कर लोकहितकारी प्रयास कर रहे हैं। ममता विकास समिति के महामंत्री श्री संतोष सिंह के सामाजिक विकास के प्रति प्रेरणादायी प्रयासों को देखते हुए इन्हें ''नवरत्न स्पेशल एवार्ड 2024'' से अलंकृत कर हमें सुखद अनुभूति हो रही है।



# नवरत्न के रत्न अवार्ड–2024
## सुश्री जकिया हयात



समाज से अशिक्षा के अंधियारे को दूर करने का सार्थक प्रयास कर रही मेरठ की महज आठ वर्षीय जकिया हयात अब तक बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 170 बच्चियों को स्कूल में दाखिला दिलवा चुकी है। मेरठ जनपद के अजराड़ा गांव की रहने वाली इस असाधारण नन्ही प्रतिभा की यादाश्त बेहद तेज है। अपनी अद्‌भुत यादाश्त एवं शिक्षा के बल पर 2020 में सोशल मीडिया पर वायरल हुई जनरल नॉलेज सम्बंधी वीडियो पर सुर्खियां बटोरने वाली जकिया के सराहनीय कार्यों को देखते हुए मेरठ जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र से अलंकृत कर ऊर्जित भी किया था। शिक्षा से मरहूम बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उनके परिजनों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों की शिक्षा में आने वाली अड़चनों के निराकरण का सार्थक प्रयास करने वाली जकिया ने 2022 में 67 बच्चियों को प्रेरित कर स्कूल में एडमिशन दिलवाया। शिक्षा के साथ साथ अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जकिया हयात ने वैश्विक महामारी कोविड19 के विषम दौर में जरूरतमंद कोरोना पीड़ित को अपनी गुल्लक तोड़कर अपनी जमा पूंजी दान कर दी थी। जकिया ने अपने इन अनुकरणीय सामाजिक प्रयासों के लिए कई अवार्ड अर्जित किये हैं।

**बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ अभियान में प्रतिबद्धता एवं अन्य सामाजिक कार्यो को देखते हुए जागरूक जकिया को ''नवरत्न के रत्न अवॉर्ड'' से विभूषित कर हमें खुशी की अनुभूति हो रही है।**

# नवरत्न के रत्न अवार्ड–2024
## मास्टर गंधर्व रजौरिया, Wonder Piano Accordionist



14 वर्षीय मास्टर गन्धर्व राजोरिया का संगीत के प्रति लगाव जन्म लेते ही हो गया था, पिता श्री कुणाल जी स्वयं में संगीतकार हैं और सभी वाद्य यन्त्रों को बजाने में सिद्धस्त हैं, उसी में से एक पियानों अकॉर्डिंग के प्रति गन्धर्व का लगाव बढ़ता चला गया और काफी हद तक स्वयं ही सीख कर सभी तरह के गाने बजाने। धीरे दक्षता हासिल करते गए और रूचि के साथ प्रसिद्धि भीं बढ़ती गयीं। आज छोटी सी उम्र में 18 किलो वजनी पियानों अकॉर्डिंग को बहुत सहजता के साथ बजा लेते हैं.. और कई नामचीन संगीत निर्देशको के निर्देशन में भीं बजा रहे हैं।

**नवरत्न फाउंडेशन्स के मंच पर प्रभावी संगीतमयी प्रस्तुति दे चुके मास्टर गन्धर्व राजोरिया को नवरत्न के रत्न से अलंकृत कर हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।**



# स्वर्गीय सरदार मंजीत सिंह बुटालिया जी

## सलाहकार, नवरत्न फाउंडेशन्स

स्वर्गीय बुटालिया जी नवरत्न फाउंडेशन के सलाहकार और उसके एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहे। पेशे से एक एडवोकेट, मन से उत्कृष्ट समाजसेवी, उदारहृदय, प्रसिद्ध लेखक, बुटालिया जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।
सरल, सहज व्यक्तित्व वाले बुटालिया जी ने, सामाजिक, कानूनी, राजनैतिक विषयों पर अपनी कलम का लोहा मनवाया, धार्मिक सरोकार के मामलों में अति सक्रिय रहकर, न केवल नोएडा में नगर कीर्तन की शुरुआत कराई, वरन 3 बड़े गुरुद्वारों की स्थापना कराई। समाजसेवा का उनका संकल्प इतना विस्तृत था कि वे व्यक्ति नही रह गए थे, संस्था बन गए थे।

ऐसे उदारहृदय, लेखक, विचारक, कानूनविद, कर्तव्यनिष्ठ, संकल्पित समाजसेवी को हमारी हार्दिक श्रद्धांजलि।

# Navratan Foundations- As I see

## Commodore Ravindra Nath

*(Head, Jury)*



It was a long time ago that a small group was invited to gather in the beautiful park opposite Sector-15A by Shri Ashok Srivastava when it was decided to form a body of like-minded people to help the needy in this beautiful country of ours. It was appreciated that although many rewards are given to very important people by the government the less known person who really contribute to the society are not recognized in remote areas and are totally forgotten. These are the devoted persons who with means but with a conscience to help the needy are hardly recognized or remembered by the society at large.

It was agreed by all of us that we should form an organization to help such people. This group met a few times a the behest of Shri Ashok Srivastava and Navratan was born and registered as NGO. This group continued to meet at various residences and it was decided initially to empower women, provide support to needy school children from poor families. As the time passed the NGO started achieving its aims of providing sewing machines to women, tailoring centers were opened, uniform to needy children were provided with the donations coming from various agencies.

The word spread of the success of this NGO when it was decided to award outstanding social workers not only in NOIDA but all over U.P. and finally in our great country.  A proper committee was formed under the President ship of Dr. Ashok Srivastava which started functioning in most efficient manner. Now the network is so large that recommendations are received for the rewards from all sources. Navratan Foundations name and fame has spread for its good work and achievements throughout the country and Annual Award Function is now held every year which is attended by the top dignitaries of Noida/U.P.

# समर्पण-2023 कार्यक्रम की झलक













# समर्पण-2023 कार्यक्रम की झलक

















# नारी सशक्तिकरण अस्तित्व की झलक
























# कम्प्यूटर शिक्षण कार्यक्रम की झलक


















# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक
















# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक




















# नवरत्न ज्ञानपीठ की झलक
















# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक















# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक
















# हार्दिक आभार

NOIDA ENTREPRENEURS ASSOCIATION

KNOWLEDGE BOULEVARD
A Majestic Venture

TEN NEWS.in
National News Portal

विश्रांति
VISHRANTI
Om Vishranti Charitable Society

A CSR Initiative of
PETRONET LNG LIMITED

Shri Events

noida HAAT

ITE GROUP

इंडियन बैंक
Indian Bank

CITADEL
Security & Management Services

MANGALMAY
GROUP OF INSTITUTIONS

CLUB-26

TRI GROUP

Harmony

AAGRIM VIDYAPEETH

effective people
SHARPENING WINNERS

BS Foundation

ABC Transformers Pvt. Ltd.

DMS aarohi

WONDER
FIBROMATS LTD.

revvity
Health Care Pvt. Ltd.

जय हिन्द जनाब
हर नज़र पर खबर हर खबर पर नज़र

SHRI BALAJI CHARITABLE TRUST, KOLKOTA

रजनी
सिलाई मशीन वर्क्स

CreateX

igl
INDRAPRASTHA GAS LIMITED

RADHA RANI GOYAL CHARITABLE TRUST

Karna Apparels Private Limited

Akash Memorial Charitable Trust

DayaRani

it's ok to not be ok



# Mental health is health.

DayaRani is a wellness advisory think tank committed to educating individuals on essential tools, ensuring accessibility to support, and actively advocating to normalize discussions about mental health.

With mental health issues contributing significantly to the global disease burden, DayaRani aims to dismantle stigmas and misconceptions. We facilitate open discussions, share personal resilience journeys, and collaborate with mental health experts. Our goal is to bridge information and societal gaps, fostering a more empathetic understanding of mental well-being.

## Mission

Build a community that warmly embraces mental wellness, completely devoid of stigma and unfavourable negative perceptions. We will create a culture where individuals will have the opportunity to prosper and bloom without any apprehension, fear, or disgrace.

## What we do

1. Advocacy: Challenging the status quo by actively advocating for mental wellness and offering expert consultation.
2. Skills: Alternate therapies to build resilience and facilitate healing.
3. Collaboration: Partnering with like-minded organizations and individuals to ensure a comprehensive approach to health and wellness.

www.dayarani.in

Follow Us:

# पेट्रोनेट शीत कवच

A CSR Initiative of Petronet LNG Ltd.





